## खबर संक्षेप

### चोरी की घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

**कनीना।** कनीना व आसपास के क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं लग रही हैं। बीते जुलाई माह से खासकर किसानों के ट्यूबवेल से कृषि उपकरण चोरी होने की घटनाएं घटित हो रही हैं। पुलिस ने केस भी दर्ज किए हैं, लेकिन अब तक चोरों का सुराग नहीं लग सका है। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। हालांकि बीते जुलाई माह में बव्वा गांव के किसानों के उच्चत गांव स्थित खेतों से चोरी किए गए करीब 10 टूटे हुए एल्युमीनियम के पाइप बरामद भी किए गए थे। जिनकी पहचान कराकर सुपरदारी कर दी गई थी। इस दौरान पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी थी, इसके बावजूद भी चोरी की घटनाएं नहीं रूक सकी।

### महिला महाविद्यालय में दिया प्रशिक्षण

**नारनौल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सरल केंद्र व राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राथमिक सहायता की मुख्य विधि सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। रेडक्रॉस के प्रवक्ता अजीत सिंह व कौशल ने हृदयाघात आदि आपातकालीन स्तिथि में सीपीआर से पीड़ित व्यक्ति की जान बचाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सीपीआर प्राथमिक सहायता का मुख्य अंग है।

### छह दिवसीय जिलास्तरीय बाल महोत्सव के दूसरे हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

# प्रतियोगिताएं बच्चों को अपने सपने साकार करने के लिए करती हैं प्रेरित: विपिन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





**नारनौल।** प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष प कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन व जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बाल भवन में चल रही 6 दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के लिए सोलो डांस, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, ग्रुप डांस, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, दीया कैंडल डेकोरेशन, द्वितीय ग्रुप व थाली पूजन कलश डेकोरेशन, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

मुख्य अतिथि विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूल स्तर पर आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि इस प्रकार की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर के 40 स्कूलों के 450 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। सोलो डांस, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, ग्रुप डांस, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे व दीया कैंडल सजावट प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जिले की तरफ से भाग लेंगे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह 14 नवंबर को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। 15 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय समुह गान, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, क्लासिकल सोलो डांस, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप व हैडं राईटिंग, अंग्रेजी व हिन्दी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार ने किया।

प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका प्रवक्ता मन्दीप यादव, मनीषा सैनी, डॉ. कुसुम लत्ता, वन्दना शर्मा, रणवीर सिंह, हिमांशु राठी, प्रमिला जाखड़, सुमन सोनी व सीमा कुमारी ने निभाई।

#### यह रहे प्रतियोगिता के विजेता

सोलो डांस, तृतीय ग्रुप, प्रतियोगिता में आरपीएस कनीना की हिमांशी ने प्रथम, हैप्पी ऐवरग्रीन स्कूल की रक्षिता ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल की भाविका ने तृतीय, यदुवंशी शिक्षा निकेतन की काव्या व श्री कृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीहमा की आरती ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। दीया कैंडल डैकोरेशन, द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिता में सूरज स्कूल महेन्द्रगढ की खुशी ने प्रथम, यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल की हिमांशी ने द्वितीय, राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर की देवांशी ने तृतीय, सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी की साक्षी व सरस्वती बाल मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल की साक्षी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। थाली कलश डैकोरेशन तृतीय ग्रुप प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी की घनिष्ठा ने प्रथम, एमएलएस डीएवी स्कूल नारनौल के नितेश ने द्वितीय, रामचन्द्र पब्लिक स्कूल कनीना की नव्या ने तृतीय तथा नालंदा विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल डालनवास की प्रिया व सरस्वती बाल मन्दिर स्कूल नारनौल की सलोनी ने सांत्वना पुरस्कार मिला।



**महेंद्रगढ़।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इंटर-कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस डिग्री कॉलेज ने की 2-0 से जीत दर्ज

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में 13 अक्टूबर को शुरू हुआ दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट अपने अंतिम और निर्णायक चरण में पहुंच गया है। आईजीयू रेवाड़ी से संबद्ध 10 कॉलेज की टीम ने उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए पहले दिन के मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। टूर्नामेंट के पहले दिन 13 अक्टूबर को कई कड़े मुकाबले देखने को मिले। जीसी नारनौल ने वायडीसी महेंद्रगढ़ को 2-0 से पराजित किया, जबकि वायडीसी नारनौल ने आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज को 2-0 से हराकर अपनी प्रतिभा साबित की। इसके अलावा 14 अक्टूबर को शेष लीग और नॉकआउट मैच खेले गए, जिसके बाद टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित हुए। दिन की शुरुआत सुबह महिला फाइनल मैच से हुई, जीसीडब्लू नारनौल ने वायडीसी नारनौल को 2-0 से पराजित किया। पुरूष वर्ग में तृतीय स्थान के लिए वायडीसी नारनौल और जीसीचिलरो के बीच मैच हुआ। जिसमें जीसी चिलरो ने 2-1 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल के लिए वायडीसी महेंद्रगढ़ और जीसी चिलरो के बीच मैच खेला गया, जिसमें वायडीसी महेंद्रगढ़ ने 2-0 से जीत हासिल की। सभी खेल प्रेमियों को फाइनल मैच देखने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है। फाइनल मुकाबला वायडीसी महेंद्रगढ़ और आरपीएस डिग्री कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें आरपीएस डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़ ने 2-0 से जीत दर्ज की। यह दो दिवसीय टूर्नामेंट शाम एक भव्य समापन समारोह के साथ समाप्त हुआ। मुख्यातिथि निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव और कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादयान एवं अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार थे, अतिथियों ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

#### इन्होंने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

*कोच सुनील ढिल्लो, उमेद सिंह, सज्जन सिंह, धीरज, रमेश शर्मा, विक्रम सिंह, नवीन पिलानिया और मंजू देवी सहित सभी खेल स्टाफ इस पूरे आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

# सिंघानिया स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण पदक

### मलेशिया में होने वाली अंतर राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल पचेरी बड़ी ने खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छह प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 12वीं ओलंपिक नेशनल गेम्स 2025–26 में हिस्सा लेकर वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने का ऐतिहासिक सफलता रिकॉर्ड कायम किया। यह प्रतियोगिता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रोहतक में आयोजित हुई थी।

गर्व की बात यह है कि छह में से सभी खिलाड़ियों का चयन अब मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप 2025–26 के लिए हो गया है। स्वर्ण पदक विजेता में अंडर-14 वर्ग से



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्राची पुत्री सुनील कुमार निवासी शिरसिंहपुरा, हितेशी पुत्री वेदप्रकाश निवासी नारनौल ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंडर-17 वर्ग में मंजलिका पुत्री ओमप्रकाश निवासी नारनौल ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में आरती पुत्री ओमप्रकाश निवासी सुल्ताना अहीर, गौरव पुत्र अजयपाल निवासी रसूलपुर व हिमांशु पुत्र संजय कुमार निवासी पचेरी बड़ी ने स्वर्ण पदक जीतते हुए विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, समर्पण और खेल भावना के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय जिला झुंझुनूं व राजस्थान का सम्मान बढ़ाया है। हमें विश्वास है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ये विद्यार्थी भारत का नाम रोशन करेंगे।

इन खिलाड़ियों की सफलता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक विनेश कुमार का विशेष मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहा है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक व अभिभावक ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका का शैक्षणिक भ्रमण 17 से

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत रोमांचक व ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन स्कूल की ओर से 17 से 20 अक्टूबर तक सैम व जैसलमेर के लिए किया जाएगा। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक व सांस्कृतिक ज्ञान प्रदान करना है। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थी जैसलमेर के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान में वृद्धि होगी। भ्रमण में स्कूल के लगभग 160 विद्यार्थी भाग लेंगे।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में सोमवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच करवाई गई। इस प्रतियोगिता के लिए लिखित परीक्षा का संचालन हेमंत कुमार, हेतराम, ममता, प्रिया आदि विज्ञान अध्यापकों ने किया। जिसमें प्रथम लोकेश पुत्र रामानंद कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय, दूसरा स्थान खुशबू पुत्री रामकिशन कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय तथा तीसरा स्थान मुस्कान पुत्री धर्मेंद्र कक्षा 10वीं ने प्राप्त किया।

स्कूल स्तर की इस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर होने वाले विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य नवीन कुमार, मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, रामसिंह, अध्यापिका शकुंत सहरावत व समस्त स्टाफ सदस्यों ने पुरस्कार से पुरस्कृत किया। संस्था निर्देशक राजकुमार यादव ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। राजकुमार यादव ने बताया कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाने से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ती है और विज्ञान की महता से विद्यार्थी परिचित होते हैं।

### आरपीएस डिग्री कॉलेज के गणित विभाग ने किया हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला में शैक्षणिक भ्रमण



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के गणित विभाग द्वारा तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभाग के छात्र-छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के गणित विभाग का भ्रमण किया तथा वहां के फैकल्टी सदस्यों से संवाद किया। छात्रों ने रोबोटिक्स लैब का भी अवलोकन किया और यह जाना कि गणितीय सिद्धांतों का उपयोग प्रोग्रामिंग एवं तकनीकी अनुप्रयोग में किस प्रकार किया जा सकता है। इस शैक्षणिक यात्रा में डॉ. दुष्यंत तथा डॉ. पूनम विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नवीन अवसरों की जानकारी दी। गणित विभाग विभागाध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं और विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में गणित के उपयोग की बेहतर समझ प्रदान करते हैं। कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव एवं प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की ज्ञानवर्धक एवं अनुभवात्मक यात्राओं के लिए प्रोत्साहित किया। डीन अकादमिक्स डॉ. हेमंत, पीजी स्टडीज प्रमुख वाईपी सिंह तथा विभाग के सभी वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने गणित विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

# केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी सोचें: डा. अंकुर रोहिल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** छात्रों को संबोधित करते वैज्ञानिक डा. अंकुर रोहिल्ला। फोटो : हरिभूमि

निजामपुर रोड स्थित कोचिंग सेंटर सीएलसी में एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें वैज्ञानिक डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएलसी के निदेशक नरेन्द्र सिंह, सेंटर हैड सत्येन्द्र शर्मा और एकेडमिक कॉर्डिनेटर सतीश कुमार द्वारा डॉ. अंकुर रोहिल्ला का पुष्पगुच्छ और सम्मान चिह्न भेंट कर स्वागत के साथ हुई।

डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने छात्रों के साथ अपने संघर्ष, परिश्रम और सफलता की यात्रा साझा की। कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और हर कठिनाई को अवसर में बदला। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े टिप्स साझा किए और यह भी बताया कि कैसे विज्ञान और शोध के क्षेत्र में उज्ज्वल करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी सोचें और कुछ करें।

सत्र में मौजूद विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. रोहिल्ला ने बेहद सहज, वैज्ञानिक और प्रेरणात्मक ढंग से उत्तर दिया। यह भी बताया कि असफलता को डरने की नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया मानना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सीएलसी के निदेशक नरेन्द्र सिंह, सेंटर हैड सत्येन्द्र शर्मा और एकेडमिक कॉर्डिनेटर सतीश कुमार ने उनका आभार प्रकट किया।

### यदुवंशी की दिव्या को कराटे में मिला द्वितीय स्थान



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा दिव्या ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुभाष चंद व नवीन यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता कैथल जिले में तीन अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक आयोजित हुई, जिसमें 14 वर्षीय की आयु वर्ग में दिव्या ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दिव्या की मेहनत, समर्पण और लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जो निरंतर प्रयास करते हैं। विद्यालय स्टाफ ने इस उपलब्धि पर दिव्या को बधाई दी। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। दिव्या जैसी छात्राएं हमारे विद्यालय की शान हैं। यदुवंशी के हर विद्यार्थी में एक विजेता छिपा हुआ है, बस उसे जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने अंदर की शक्ति पर विश्वास रखें और अपने लक्ष्य की ओर पूरी लगन से बढ़ें। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने दिव्या को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता में शारीरिक शिक्षक संदीप, विकास, कमल, कुलवीर, अमित, आयुषी का भी विशेष योगदान रहा।

### अंडरपास में टीनशेड लगवाने व पानी भरने की समस्या से निजात दिलाने की मांग

# मंडी अटेली अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** सिविल इंजीनियर ज्ञापन सौंपतें मंडी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति हरिश कुमार जैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति के संचालक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना प्रबंधक सिविल डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जयपुर विष्णु कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

इस प्रतिनिधिमंडल में संघर्ष समिति के सचिव मास्टर सुबेसिंह, वरिष्ठ सदस्य प्रकाश चन्द खरब, कृष्ण खरब सदस्य आदि शामिल थे। ज्ञापन में ग्राम पंचायत तोबड़ा की सरपंच आशा कौशिक व संघर्ष समिति ने अटेली मण्डी आरओबी 30 के नीचे बने अंडरपास में टीनशेड लगवाने व हाइट गेज लगाने तथा अंडरपास में बरसाती पानी से कीचढ़ व पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि तोबड़ा गांव से गांव के श्मशान घाट तक को जाने वाले रास्ते में आरओबी 30 के नीचे बने अटेली मण्डी अंडरपास के ऊपर अभी तक टीनशेड बनाने का कार्य शुरू नहीं हुआ है, जबकि इंडियन रेलवे की साईड में टीनशेड का फाउंडेशन लगभग पूरा होने को है। उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की तरफ टीनशेड लगवाने का काम भी शुरू किया जाए।

#### हादसा होने का डर

वहीं ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि हाइट गेज नहीं लगने से बड़े वाहन आगे चले जाते हैं, लेकिन इंडियन रेलवे की ओर हाइट गेज लगा दिए गए हैं। जिससे बड़े वाहन असमंजस में फंस जाते हैं और उन्हें न सिर्फ वाहन वापस करने में भारी दिक्कत होती है, बल्कि हादसा होने का भी डर रहता है। इसलिए ज्ञापन में पुरजोर मांग की गई है कि टीनशेड डलवाए जाए और हाइट गेज भी लगाए जाएं। जिससे हादसे से बचा जा सके। बरसात में बरसात का पानी अंडरपास में आने से गाद व पानी भर जाता है। इस समस्या से भी निजात दिलाई जाए। इस मौके पर संघर्ष समिति प्रतिनिधिमंडल ने हरिश कुमार जैन सिविल इंजीनियर डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जयपुर रेलवे मण्डल से भी मुलाकात कर प्रस्तुत ज्ञापन की मांगों के समाधान का आग्रह किया।

# रोजगार मेले में 66 युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** मेले में उपस्थित कंपनी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 66 युवाओं का चयन किया गया। प्राचार्य महावीर सिंह व रोजगार अनुदेशक शिवताज आर्य ने बताया कि रोजगार मेले में मानेसर, नोएडा, रेवाड़ी, भिवाड़ी आदि एनसीआर क्षेत्र की प्रसिद्ध कम्पनियां हिस्सा लिया। रोजगार मेले में पिछले पांच वर्ष तक के आईटीआई पास आउट 75 युवाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें 66 युवाओं का चयन किया गया। कंपनियों की ओर से चयनित युवाओं को एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग पूरी करने के बाद ट्रेनीज एवं कंपनी रोल पर चयन किया गया। 25 अक्तूबर को सभी चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। इस रोजगार मेले में मैकेनिकल ट्रेड्स जैसे मशीनिस्ट, टर्नर, फिटर, शीट मेटल, वेल्डर, फाउंड्री मैन, पीपीओ, डीएमएम, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टीपीईएस, एमसीईए, आरएसी आदि के पास शुदा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

